हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, गुरुवार 9 जुलाई 2026


चानौत जल आंदोलन 54वें दिन भी जारी, कल होगी... 12


मानसून को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीसी समेत सभी... 12

## खबर संक्षेप

### जाम के समाधान के लिए समिति की बैठक कल

**हिसार।** शहर में बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए गठित विशेष समिति की पांचवीं बैठक 10 जुलाई को जिला सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा करेंगे। बैठक में हिसार शहर में यातायात सुगमता, जाम की समस्या के कारणों तथा उसके प्रभावी एवं दीर्घकालिक समाधान पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही शहर में विभिन्न संभावित स्थानों पर यातायात सुधार संबंधी प्रस्तावों, आधारभूत ढांचे के विकास तथा अन्य आवश्यक उपायों पर हुई प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी काबू

**उकलाना।** पुलिस ने नाबालिगा के साथ दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। उकलाना थाना प्रभारी पीएसआई कुलदीप ने बताया कि 16 जून को पीड़िता की मां ने शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया तथा घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बिठमड़ा निवासी रणधीर को गिरफ्तार कर लिया।

### हेरोइन तस्करी में महिला गिरफ्तार

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने हेरोइन बरामदगी के मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एचटीएम थाना में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में जांच अधिकारी जनक कुमार सरवटा ने जांच के दौरान रामनगर कॉलोनी निवासी मंजू को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान महिला के कब्जे से 5 ग्राम 380 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई थी।

### गांजा सप्लाई का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना नारनौंद में 28.045 किलोग्राम गांजा बरामदगी मामले में सीआईए-1 हांसी ने गांजा सप्लाई के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जांच अधिकारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि थाना नारनौंद में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में पहले सरजू निवासी पेहवा हाल कुंभा तथा दास निवासी कुंभा को 28.045 किलोग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि बरामद गांजा आरोपियों को धर्मबीर निवासी कुंभा ने सप्लाई किया था। इसके बाद पुलिस ने धर्मबीर को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

# पुलिस को कहा 'बिकाऊ', थाने में सिर मारकर तोड़ा शीशा, 3 गिरफ्तार

## पुलिस कर्मचारियों से हाथापाई और थाने में हंगामा करने पर महिला सहित 4 पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

पुलिस थाने में घुसकर हंगामा करने, पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई करने और सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों और एक महिला के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों पुरुष आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया किया, जबकि आरोपी महिला फिलहाल फरार है। पुलिस मामले की गंभीरता से छानबीन में जुटी है।

पीसीआर नंबर-3 पर तैनात ईएचसी सुरेंद्र ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे उन्हें वार्ड नंबर-12 के वाल्मीकि मोहल्ले में झगड़ा होने की सूचना मिली थी। वे चालक धर्मवीर, एसपीओ रविंद्र और सिपाही कृष्ण के साथ मौके पर पहुंचे, जहां ईआरवी भी तैनात थी। मौके पर मौजूद नरेश, राकेश, आशीष और नरेश की पत्नी ने पुलिस को देखते ही अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया और कहा कि पुलिस बिकाऊ माल है, हमारा साथ नहीं देगी। पुलिसकर्मियों के समझाने और झगड़ा करने वाले अन्य लोगों की तलाश के बाद भी जब मामला शांत नहीं हुआ, तो चारों आरोपी गाली-गलौज और हाथापाई पर उतर आए।

- वार्ड नंबर-12 में झगड़ा होने की सूचना पर पहुंची थी पुलिस।
- पुलिस को देख अभद्र व्यवहार किया, गाली गलौज व हाथापाई पर उतर आए आरोपी




### थाने के भीतर भी काटा बवाल

मौके पर माहौल बिगड़ता देख पुलिसकर्मी थाने लौट आए। लेकिन कुछ ही देर बाद राकेश, आशीष और नरेश की पत्नी भी थाने पहुंच गए। जब पुलिस ने उन्हें शिकायत दर्ज कराने को कहा, तो वे फिर से बदतमीजी करने लगे। इसी बीच नरेश भी शराब के नशे में धुत होकर थाने पहुंच गया और हंगामा शुरू कर दिया। ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने जब चारों को समझाने के लिए कमरे में बैठाया, तो आरोपी आशीष ने गुस्से में आकर कमरे की टेबल पर अपना सिर दे मारा, जिससे टेबल का शीशा टूट गया। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आशीष को काबू किया। इस दौरान आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की और थाने से बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

### महिला की तलाश जारी

हंगामे के बीच पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए राकेश, नरेश और आशीष को मौके पर ही दबोच लिया, लेकिन फायदा उठाकर नरेश की पत्नी वहां से भागने में कामयाब रही। पुलिस ने ईएचसी सुरेंद्र के बयान पर चारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### जल्द गिरफ्तार किए जाएंगे सभी आरोपी

पुलिस के साथ हाथापाई, मारपीट और गाली-गलौज करने के मामले में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया। मौके से फरार हुई महिला आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। **-रमेश कुमार**, एसआई।


हिसार। खुले में कचरा डालती ट्रैक्टर-ट्राली।

# खुले में कूड़ा डाला, ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक का 5 हजार का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। खुले में कचरा फेंकने तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ जुर्माना लगाया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान एएसआई प्रवीण ने सेक्टर-16-17 के नजदीक साउथ बाइपास क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को खुले में कचरा डालते हुए पाया। इस पर निगम टीम ने संबंधित व्यक्ति का 5 हजार रुपये का चालान किया। वहीं, एएसआई विजेता ने सेक्टर-14 क्षेत्र में एक दुकानदार द्वारा खुले में कचरा फेंकने पर कार्रवाई करते हुए चालान किया। शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा।

नगर निगम ने नागरिकों और दुकानदारों से अपील की है कि वे कचरे का उचित निस्तारण करें, खुले में कचरा न डालें और स्वच्छता नियमों का पालन करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लोहारी राघो में संदिग्ध हालात में बुजुर्ग महिला की मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

## पोस्टमार्टम से होगा मौत के कारणों का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गांव लोहारी राघो में अज्ञात परिस्थितियों में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

गांव लोहारी राघो में एक बुर्जुग महिला 78 वर्षीय शीला की बुधवार की सुबह मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम को शीला के देवर सुरेंद्र ओर परिवार के ही रमेश कुमार के बीच किसी बात को कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसमें बुजुर्ग महिला शीला को धक्का लग गया था और वह जमीन पर गिर गई थी। गांव में उसका उपचार किया गया था।

### पुलिस ने लिया घटनास्थल का जायजा



रात के समय शीला को उल्टी भी लगी और बुधवार की अलसुबह उसकी अज्ञात परिस्थितियों में मौत हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। तुरंत ही थाना प्रभारी रमेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। मौके पर सीन ऑफ क्राइम की टीम को भी बुलाया गया। उन्होंने भी गहनता से जांच करके जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर हांसी के सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया वहां पर डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा उनका पोस्टमार्टम करवाया गया। मृतक बुजुर्ग महिला शीला के पति चिमन लाल का करीब अढ़ाई साल पहले निधन हो चुका हैं। जांच अधिकारी महिला सब इंस्पेक्टर कविता ने बताया कि पुलिस ने मृतक महिला के भतीजे के बयान पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद जो भी मौत के कारण आएंगे। उसके बाद उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। महिला के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।

# भाखड़ा टी-कनेक्शन मामले में पूर्व सरपंच सोमेश शर्मा को मिली जमानत

### कोर्ट ने पुलिस की न्यायिक हिरासत की मांग की खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

चानौत में भाखड़ा पेयजल लाइन से कथित अवैध टी-कनेक्शन लगाने के मामले में गिरफ्तार पूर्व सरपंच सोमेश शर्मा को बुधवार को अदालत से जमानत मिल गई। अदालत ने उन्हें 50 हजार रुपये के मुचलके पर रिहा करने के आदेश दिए। वहीं, पुलिस द्वारा मांगी गई न्यायिक हिरासत की मांग को कोर्ट ने स्वीकार नहीं किया गया। पुलिस ने मंगलवार को सोमेश शर्मा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड की मांग की थी लेकिन अदालत ने चार दिन के बजाय केवल एक दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद बुधवार को उन्हें दोबारा अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने न्यायिक हिरासत की मांग की। अदालत ने यह मांग नामंजूर करते हुए उन्हें 50 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी।


हांसी। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद अपने वकील व समर्थकों के साथ पत्रकारों से बातचीत करते सोमेश शर्मा।

### ये था मामला

बता दें यह मामला गांव चानौत में पेयजल की मांग को लेकर चले लंबे आंदोलन से जुड़ा है। ग्रामीणों की मांग थी कि भाखड़ा पेयजल पाइपलाइन से गांव को टी-कनेक्शन देकर स्थायी पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। इसी आंदोलन के दौरान 20 जून को धरना स्थल पर पाइपलाइन में टी-कनेक्शन लगाया गया था। बताया गया कि यह कार्य पूर्व सरपंच सोमेश शर्मा, हर्ष छिकारा और विकास सीसर की मध्यस्थता में हुआ। हालांकि, 22 जून को प्रशासन ने इस टी-कनेक्शन को अवैध बताते हुए मौके पर हटवा दिया। इसके बाद जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी की शिकायत पर पुलिस ने सरकारी संपत्ति से छेड़छाड़ सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पूर्व सरपंच सोमेश शर्मा समेत अन्य लोगों को नामजद किया था।

### पुलिस ने मेरे साथ ज्यादती की

जमानत के बाद पूर्व सरपंच सोमेश शर्मा ने कहा कि पुलिस ने मेरे साथ ज्यादती की है। मैं चानौत केवल धरने पर बैठे मेरे पांच बुजुर्ग अनशनकारियों की जान बचाने व उनका अनशन खुलवाने के उद्देश्य से चानौत गया था और पुलिस ने मेरे ऊपर ज्यादती करके टी का केस मंढ़ा गया है वो यह साफ दर्शाती है कि मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचा गया है। पत्रकारों के जवाब देते समय सोमेश शर्मा भावुक हो गए। वहीं सोमेश द्वारा पूर्व में 25 जून को टी प्रकरण में शामिल व्यक्तियों के नाम बताने बारे सवाल किया गया तो अधिवक्ता सुखवंत ने मामले को सब जयूडियस बताते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश अनुसार इस बात के बारे में केवल जांच एजेंसियों को जानकारी दी जाएगी।

### बचाव पक्ष ने उठाए पुलिस कार्रवाई पर सवाल

सोमेश शर्मा के अधिवक्ता सुखवंत सिंह ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके मुवक्किल पर लगाई गई धाराएं उचित नहीं हैं और उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर लगाया गया है। उन्होंने अदालत से जमानत की मांग की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। अधिवक्ता सुखवंत सिंह ने कहा कि पुलिस ज्यादती पर उतरी हुई है और रिमांड के दौरान सोमेश शर्मा को मैंटली टार्चर किया है।

# बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर में उतारा तो खैर नहीं, अफसरों व एजेंसियों पर होगी एफआईआर

### मैन्युअल स्कैवेंजिंग व असुरक्षित सीवर सफाई पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले में मैन्युअल स्कैवेंजिंग पर पूर्ण प्रतिबंध और असुरक्षित तरीके से सीवर सफाई की प्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। बुधवार को लघु सचिवालय में डीसी महेंद्र पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी नागरिक की जान जोखिम में डालकर बिना सुरक्षा मानकों के सीवर सफाई कराने की घटना को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि कहीं भी ऐसी कोई अवैध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत जिला प्रशासन को सूचित करें।



### नियमों की अनदेखी पर होगी आपराधिक कार्रवाई

उपायुक्त महेंद्र पाल ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम और संबंधित ठेका एजेंसियों को दो टूक निर्देश दिए कि सीवर सफाई के दौरान कर्मचारियों के लिए आधुनिक और अनिवार्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाई गई और किसी कर्मचारी की जान जोखिम में पड़ी, तो संबंधित ठेकेदार, एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमों के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 14420 को सक्रिय करने के भी दिए आदेश

सीवर सफाई से जुड़ी किसी भी आपात स्थिति या अवैध कार्य की रिपोर्ट करने के लिए इमरजेंसी रिस्पांस सैनिटेशन यूनिट के गठन पर विस्तृत चर्चा हुई। डीसी ने राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 14420 की प्रभावशीलता को हिसार मुख्यालय के साथ-साथ बरवाला और उकलाना जैसे कस्बों और स्थानीय स्तरों पर भी कड़ाई से जांचने व सक्रिय रखने के आदेश दिए। बैठक में एडीसी शालिनी चेतल, एसीयूटी विवेक यादव, एसडीएम ज्योति मित्तल, डीडीपीओ नरेंद्र कुमार, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप कुमार, जिला परिषद की डिप्टी सीईओ कीर्ति सिरोहीवाल, और जिला कल्याण अधिकारी एवं मैन्युअल स्कैवेंजिंग समिति की सदस्य सचिव दीपिका सारसर सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे।

# बरवाला में जल्द खोला जाएगा सरकारी पशु चिकित्सालय

### कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने सरकार को भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बरवाला में नया सरकारी पशु चिकित्सालय स्थापित करने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस दिशा में जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने अपने प्रस्ताव में बताया कि बरवाला में चार प्रमुख गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें श्री गौरक्षा सेवा समिति (अग्रोहा रोड), गोपाल गौशाला (टोहाना रोड), नंदी गौशाला तथा विकलांग गौशाला (बनभौरी रोड) शामिल हैं। इन गौशालाओं में लगभग तीन हजार गौवंश का पालन-पोषण एवं उपचार किया जा रहा है। विशेष रूप से विकलांग गौशाला में घायल एवं दिव्यांग गौवंश का नियमित रूप से उपचार किया जाता है, जिसके लिए चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता लगातार बनी रहती है। श्री गौरक्षा सेवा समिति, बरवाला ने नए सरकारी पशु चिकित्सालय के संचालन के लिए भवन एवं आवश्यक स्थान उपलब्ध कराने की लिखित सहमति भी दे दी है।

# अग्रोहा क्षेत्र में डीटीपी टीम ने बुलडोजर चला अवैध कॉलोनियों में उखाड़ीं सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के अग्रोहा क्षेत्र में प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की। जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने गांव चिकनवास में बन रही अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर उनकी आंतरिक सड़क नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान बुधवार को लगभग पांच घंटे तक चले इस अभियान में जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क नेटवर्क उखाड़ा गया और नींव भरकर तैयार की गई प्लॉट की बाउंड्री वॉल भी तोड़ दी गई। प्रशासन का कहना है कि बिना मंजूरी विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### लगातार जारी रहेगी विभाग की कार्रवाई



यह कार्रवाई चिकनवास-ठसका रोड पर की गई, जहां बिना विभागीय स्वीकृति के कॉलोनियां विकसित किए जाने की सूचना मिलने पर जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में बिजली निगम अग्रोहा के एसडीओ माणिक मौजूद रहे। वहीं जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार और विभाग के जेई हरि मोहन के नेतृत्व में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार ने बताया कि आमजन को अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदकर अपनी मेहनत की कमाई जोखिम में नहीं डालनी चाहिए। डीटीपी ने कहा कि अग्रोहा सहित पूरे क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

**तैयारी** ई-व्हीकल चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार की दिशा में हरियाणा डिस्कॉम की बड़ी पहल

# सार्वजनिक ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया तेज, उपयुक्त स्थानों की होगी पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा डिस्कॉम दक्षिण एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के निर्देशानुसार प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-व्हीकल) के उपयोग को बढ़ावा देने तथा हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय की पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत प्रदेशभर में सार्वजनिक ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। योजना के तहत उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) को राज्य नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों एवं एजेंसियों से सरकारी कार्यालयों, आवासीय परिसरों, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, शहरों तथा राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के निकट उपलब्ध उपयुक्त सरकारी भूमि का विवरण निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### यूं चुना जाएगा स्थान

इसी क्रम में हरियाणा डिस्कॉम के स्वामित्व वाले कार्यालय परिसरों में भी ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान की जा रही है। निगम के ऐसे कार्यालयों एवं भवनों का चयन किया जाएगा, जहां न्यूनतम 60 वर्गमीटर खाली भूमि उपलब्ध हो तथा मुख्य सड़क से सुगम पहुंच सुनिश्चित हो। प्रत्येक संभावित स्थल का विस्तृत विवरण निर्धारित प्रारूप में तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में यूएचबीवीएन की ओर से सभी संबंधित विभागों को तथा हरियाणा डिस्कॉम द्वारा सभी संबंधित मुख्य अभियंताओं को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि समयबद्ध तरीके से सूचनाओं का संकलन कर अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

### सुदृढ़ चार्जिंग अवसंरचना विकसित करना भविष्य की आवश्यकता : एमडी



प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सुदृढ़ चार्जिंग अवसंरचना विकसित करना भविष्य की आवश्यकता है। योजना के तहत शहरों में न्यूनतम 60 वर्गमीटर तथा राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर 300 वर्गमीटर भूमि पर आधुनिक सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जाएंगे, जहां दोपहिया, तिपहिया, चारपहिया, बसों एवं ट्रकों सहित विभिन्न श्रेणी के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए फास्ट चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश में ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार, कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



हेल्थ क्वेस्ट



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब कमर में हो अकड़न और दर्द



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर और बैक बोन में अकड़न रहती है और हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-साकेत, रायपुर**

आजकल युवाओं में इस तरह की समस्याएं काफी देखी जाती हैं। इसका कारण लंबी सिटिंग है। अगर आपका प्रोफेशन भी ऐसा है तो जरूर आपको लाइफस्टाइल थोड़ी चेंज करनी पड़ेगी। रेगुलर तौर पर सुबह और शाम कमर की एक्सरसाइज करें। ऑफिस में काम करते वक्त थोड़ी-थोड़ी देर के अंतराल में कुछ चहलकदमी करें। इसके अलावा विटामिन-डी और कैल्शियम की भी जांच कर लें। इसकी कमी भी दर्द की वजह बनती है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मैं अकसर बीमार पड़ जाता हूं। गला खराब रहता है, लूज मोशंस और उल्टियों की समस्या बनी रहती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुशील, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको पानी से इंफेक्शन हो सकता है, जिससे डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। सबसे पहले आप घर के बाहर जाते समय पीने का पानी साथ लेकर निकलें। गला खराब होने की वजह ठंडा पानी होता है। कई बार लोग गर्मी से आते हैं और तुरंत ठंडा पानी पी लेते हैं। इस मौसम में अचानक ठंडा पानी पीना भी नुकसानदेय हो सकता है। इससे बचना चाहिए।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मैं जब भी सीढ़ियां चढ़ता-उतरता हूं मेरी सांस फूलने लगती है। जबकि प्लेन सरफेस पर चलने-फिरने से ऐसा नहीं होता। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-रमेश, कटनी**

सांस फूलने की एक वजह दिल संबंधी परेशानी हो सकती है, लेकिन जांच कराए बिना कुछ भी कहना ठीक नहीं है। हालांकि कई बार फेफड़े संबंधित रोग से भी ऐसा होता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। वह कुछ जांच कराएंगे, जिससे इसकी वजह पता चलेगी और उसका इलाज हो सकेगा। फिलहाल आप जल्दी डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 62वर्ष है। एक साल पहले मैंने प्रोस्टेट का ऑपरेशन करवाया था। पिछले कुछ हफ्तों से यूरिनेशन में प्रॉब्लम हो रही है। कृपया बताएं कि अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जगताप, रोहतक**

जितनी जल्दी हो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जांच करने के बाद ही पता चलेगा कि इसकी वजह क्या है? इस बात का ध्यान रखें कि बगैर जांच कराए आप कोई भी दवा ना लें। ऐसा करना नुकसानदायक हो सकता है।

**मेरी उम्र 33 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं। और स्किन भी सूजी हुई है। कई तरह की होम-रेमिडीज ट्राई करने पर भी कोई असर नहीं हुआ। कृपया इस समस्या का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सोहम, बिलासपुर**

आंखों के नीचे डार्क सर्कल कई बार शरीर में खून की कमी से भी हो सकते हैं। दूसरी बात आप बता रहे हैं कि स्किन में स्वेलिंग भी है तो यह लक्षण शुगर बढ़ने की वजह से भी होता है। ऐसे में बगैर जांच कराए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करके जांच करा लें, जिससे परेशानी का कारण पता चलेगा और प्रॉपर उपचार किया जा सकेगा। फिलहाल आप मीठा खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मुझे लंबे समय से साइनस की प्रॉब्लम है। काफी दवाइयां लेने और घरेलू उपचारों के बाद भी यह ठीक नहीं हुआ। कृपया बताएं, क्या करूं कि यह प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-नीरज, हिसार**

आपको ईएनटी विशेषज्ञ से मिलना चाहिए, वे जांच कर बताएंगे कि इसकी वजह क्या है? कई बार नाक की हड्डी बढ़ने से भी ऐसी समस्या आती है और उसे ठीक किया जा सकता है, लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है, इसलिए डॉक्टर से संपर्क करें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

मानसून के दौरान पाचन तंत्र से संबंधित समस्याएं अन्य ऋतुओं की तुलना में कहीं ज्यादा बढ़ जाती हैं। समस्या की गंभीरता का अंदाजा इस तथ्य से लगा सकते हैं कि प्रतिवर्ष देश में लगभग तीन लाख बच्चों की मौतें डायरिया के कारण होती हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले मानसून के दौरान दर्ज होते हैं। बारिश के मौसम में किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं, इनसे बचने के लिए क्या सावधानियां बरतें, यहां एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

## बारिश के मौसम में बढ़ जाता है पाचन संबंधी संक्रमण का रिस्क








डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. बी. ए. चौरसिया
कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

अधिकतर हेल्थ एक्सपर्ट्स अब इस तथ्य पर एकमत हैं कि अच्छे स्वास्थ्य की बुनियाद सशक्त पाचन तंत्र पर आधारित है, लेकिन यही तंत्र लापरवाही बरतने पर बारिश के मौसम में तेजी से बिगड़ जाता है। ऐसे में इस मौसम में एक्स्ट्रा केयर और प्रिकॉशन बरतने की जरूरत होती है।

### इसलिए बढ़ती हैं समस्याएं

मानसून में अत्यधिक उमस भरे वातावरण के कारण व्यक्ति की पाचन क्रिया धीमी हो जाती है। बारिश होने पर वातावरण में नमी व्याप्त हो जाती है और बारिश थमने पर धूप निकलने के बाद मौसम अत्यधिक उमस भरा, चिपचिपा हो जाता है। यह स्थिति शरीर की पाचन क्रिया को धीमा करती है। पाचन क्रिया के धीमा पड़ने से अपच (बदहजमी), गैस, एसिडिटी, पेट में दर्द, मरोड़ व ऐंठन आदि गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल (पेट और आंतों से संबंधित) समस्याएं होने का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार बारिश के मौसम में नमी और उमस के अलावा गंदगी के बढ़ने के कारण जीवाणु तेजी से पनपते हैं। ये जीवाणु व्यक्ति को विभिन्न बीमारियों का शिकार बनाते हैं। अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थ ग्रहण करने से होने वाली इन जीवाणुजनित बीमारियों में प्रमुख तौर पर गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया, पेचिश, पेट और आंतों में संक्रमण, फूड प्वॉइजनिंग और हैजा शामिल हैं। इसके अलावा मानसून में हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई के मामले भी बढ़ जाते हैं, लेकिन हेपेटाइटिस वायरस जनित रोग है।

**गैस्ट्रोएंटेराइटिस:** पेट और आंतों में संक्रमण की स्थिति को गैस्ट्रोएंटेराइटिस कहते हैं। इस समस्या में पेट में मरोड़, ऐंठन, दर्द, उल्टी, दस्त और बुखार के लक्षण प्रकट होते हैं। कुछ लोगों में सिर दर्द की समस्या भी होती है।

**डायरिया:** इसमें भी गैस्ट्रोएंटेराइटिस सरीखे लक्षण प्रकट होते हैं, लेकिन दस्त अनेक बार और जल्दी-जल्दी होते हैं। देश में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया के मामले बहुत ज्यादा होते हैं, जो मानसून में तेजी से बढ़ते हैं।

**पेचिश (डिसेंट्री):** जब दस्त के साथ खून भी आने लगे तो उस स्थिति को पेचिश या डिसेंट्री कहते हैं। इस मर्ज के अन्य लक्षण गैस्ट्रोएंटेराइटिस की तरह ही होते हैं।

**अपच (बदहजमी)-गैस-एसिडिटी:** भूख से अधिक मात्रा में गरिष्ठ और अधिक चिकनाईयुक्त पदार्थों को खाना, इन समस्याओं का एक कारण है।

चूंकि मानसून में पाचन क्रिया धीमी रहती है, इसलिए गरिष्ठ खाद्य पदार्थों को पचाने में पाचन तंत्र पर अतिरिक्त भार पड़ता है, नतीजतन अपच, गैस और एसिडिटी के मामले मानसून में बड़े पैमाने पर सामने आते हैं।

**हेपेटाइटिस ए और ई:** लिवर में सूजन और इन्फ्लेमेशन (इस स्थिति में सूजन के अलावा मरीज की लिवर कोशिकाएं भी क्षतिग्रस्त होने लगती हैं) को हेपेटाइटिस कहते हैं। मानसून के दौरान हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई के मामले काफी बढ़ जाते हैं। हेपेटाइटिस में पीड़ित व्यक्ति को पहले बुखार आता है और इसके बाद वह पीलिया (जॉन्डिस) से ग्रस्त हो जाता है। पीलिया के लक्षणों के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति की आंखों का रंग पीला हो जाता है, उन्हें यूरिन पीली होती है और वे भूख महसूस नहीं करते। गौरतलब है कि पीलिया, हेपेटाइटिस का लक्षण है।

**फूड प्वॉइजनिंग:** ई.कोली और सैलमॉनेला नामक जीवाणु बरसात के मौसम में तेजी से पनपते हैं। ये जीवाणु अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर में पहुंचते हैं। पेट खराब होना और उल्टी होना, इस समस्या के प्रमुख लक्षण हैं।

**हैजा:** मानसून के दौरान वाइबरियो कॉलेरी नामक जीवाणु तेजी से पनपता है, जो हैजा (कॉलरा) का कारण है। प्रदूषित खाद्य और अशुद्ध पेय पदार्थों को लेने से इसके जीवाणु शरीर में प्रवेश कर पाचन तंत्र को गड़बड़ कर देते हैं। लगातार उल्टियां और दस्त होना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं।

### इलाज के बारे में

- गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया और डिसेंट्री के इलाज में जरूरत पड़ने पर डॉक्टर के परामर्श से एंटीबायोटिक दवाएं दी जाती हैं।
- ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी का भी प्रयोग होता है।
- अनेक मामलों में लक्षणों के आधार पर चिकित्सा की जाती है। जैसे मरीज को उल्टी होने पर इसे दूर करने की दवा, पेट में मरोड़ और दर्द होने पर इसे दूर करने वाली दवा और सिर दर्द होने पर इससे राहत दिलाने वाली दवा पेशेंट को दी जाती है।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई में एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग नहीं किया जाता। हेपेटाइटिस के इन दोनों प्रकारों में लक्षणों के आधार पर इलाज किया जाता है। बावजूद इसके, जो महिलाएं प्रेग्नेंट हों, उन्हें डॉक्टर के परामर्श की आवश्यकता होती है।
- बदहजमी, गैस और एसिडिटी की समस्या को ज्यादातर मामलों में घर पर रहकर ही डॉक्टर के परामर्श से खानपान में संयम बरतकर और दवाओं से दूर किया जा सकता है।
- फूड प्वॉइजनिंग का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। जैसे उल्टियां होने पर इसे रोकने की दवाएं दी जाती हैं।
- हैजा के इलाज में उल्टी और दस्त को रोकने की दवाएं दी जाती हैं। यह बहुत जरूरी होता है कि मरीज के शरीर में पानी की कमी न हो पाए, इसलिए उसे हाइड्रेशन थेरेपी दी जाती है।

### तब न करें लापरवाही

पाचन तंत्र से संबंधित समस्याओं को गंभीर स्थिति में पहुंचने से पहले ही सावधान हो जाना चाहिए। जैसे मानसून में डायरिया के मामले बढ़ जाते हैं, वैसे तो यह एक आम समस्या है, लेकिन लापरवाही बरतने पर डायरिया आपको गंभीर हालत में पहुंचा सकता है। रोगी अगर पर्याप्त मात्रा में पानी पीता है, ओआरएस लेता है तो स्थिति कंट्रोल में रहेगी। लेकिन अगर यहां बताए जा रहे कुछ लक्षण दिखें तो तुरंत हॉस्पिटल जाकर डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे-अगर मरीज को लगातार कई दिनों से बुखार जारी है। उसे यूरिन कम हो रही हो। मल (स्टूल) से खून आ रहा हो। पीड़ित व्यक्ति की उल्टियां और दस्त बंद न हो रहे हों। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### मानसूनी संक्रमण से बचाव के उपाय



- शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। अगर आपके पास वाटर फिल्टर, वॉटर प्यूरीफायर या आरओ उपलब्ध नहीं है तो फिर पानी को उबालकर और फिर ठंडा कर पिएं।
- दस्त और उल्टी होने पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस स्थिति की रोकथाम के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना चाहिए और ओआरएस भी लेना चाहिए।
- हल्का सुपाच्य भोजन करें। स्वाद के लालच में ओवर ईटिंग से बचें।
- जहां तक संभव हो, घर के बाहर खाने से परहेज करें।
- जंक फूड्स और फास्ट फूड्स से दूरी बनाए रखें।
- कुछ भी खाने से पहले सैनिटाइजर या एंटीबैक्टीरियल साबुन से हाथ जरूर धोएं।
- बाजार में मिलने वाले पकौड़ों, कचौड़ियों, चाट, समोसे आदि गरिष्ठ खाद्य पदार्थों की बजाए कभी-कभार घर में बनाकर खाना बेहतर है।
- बासी खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- ताजी सब्जियों और ताजे फलों को ही ग्रहण करें। इन्हें अच्छी तरह से धोकर खाएं।
- इन दिनों जूस के स्थान पर सूप का सेवन स्वच्छता के लिहाज से अच्छा है। जूस, चाय और कॉफी की मात्रा घटाएं और सूप की मात्रा बढ़ाएं।
- नॉनवेज और सीफूड्स से दूरी बनाए रखना आपके लिए लाभप्रद रहेगा।
- पीने का पानी स्वच्छ और शुद्ध होना चाहिए। संक्रमित पानी पीने से हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस ई और डायरिया आदि समस्याओं का रिस्क बढ़ता है।

डाइट

राजकुमार दिनकर

## जब नाश्ते के बाद फील हो सुस्ती



बहुत से लोगों को सुबह नाश्ता करने के बाद शरीर में भारीपन महसूस होता है, आलस छाने लगता है, थकान महसूस होती है, काम करने के लिए बैठो तो काम में मन नहीं लगता। यह एक आम समस्या है। नाश्ते में आप क्या लेते हैं, आपका खान-पान कैसा है और आपका लाइफस्टाइल कैसा है, यह बहुत मायने रखता है। सुबह के नाश्ते के बाद नींद या सुस्ती आना इसे फूड कोमा भी कहा जाता है।

**हो सकती हैं कई वजह:** तमाम दूसरी वजहों के अलावा एक सबसे बड़ी समस्या होती है, नाश्ते में कार्बोहाइड्रेट या वसायुक्त फूड्स खाना। खाना कम मात्रा में न खाकर ज्यादा खाने से भी यह समस्या होती है, क्योंकि अत्यधिक कैलोरी, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट या वसायुक्त नाश्ता शरीर को सुस्त बनाता है। जो लोग सुबह 4 या 5 बजे सोकर जगते हैं, उन्हें भी इस समस्या का ज्यादा सामना करना पड़ता है, क्योंकि अगर हमारी नींद पूरी न हो तो नाश्ता करने के बाद शरीर में सुस्ती आने लगती है। इसके अलावा जो भोजन हम खाते हैं, उनमें अगर विटामिन-डी, बी, बी-12 या आयरन की कमी होती है तो इससे भी नाश्ता करने के बाद नींद आने लगती है।

**सही फूड न चुनना:** सुबह के समय परांठा, सफेद ब्रेड, तली हुई चीजें खाने से रक्त में शुगर लेवल बढ़ जाता है। अगर ज्यादा खा लिया जाए तो भोजन को पचाने में शरीर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसके लिए बड़ी वजह नाश्ते में फाइबर से भरपूर चीजों का कम सेवन करना, एक्सरसाइज न करना, फिजिकल एक्टिविटी से दूर रहना, फास्ट फूड और ज्यादा नमक, मसाले और मैदे से बनी चीजें खाना और लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहने से भी नींद आती है।



**डाइट में करें बदलाव:** नाश्ते में कुछ बदलाव करने से आपको नींद या सुस्ती नहीं आएगी। सुबह 7 बजे फल और भीगे हुए मेवे खाने के बाद 10 बजे संतुलित नाश्ता करें। दही को नाश्ते के बजाय दोपहर के भोजन में लें। सुबह के समय मौसम के अनुसार फलों का सेवन करें। हल्का और पोषक नाश्ता जैसे ओट्स या मल्टीग्रेन रोटी, उबले अंडे, अंकुरित अनाज, फल और सलाद आदि लें। रात के समय हल्का खाएं। सुबह के समय नाश्ते में ज्यादा मीठा या तला-भुना फूड न खाएं। सुबह नाश्ता हल्का रखें। नाश्ते में ज्यादा मात्रा में प्रोटीन और ज्यादा कार्बोहाइड्रेटयुक्त फूड लेने से भी नींद और सुस्ती महसूस होती है। *

ट्रीटमेंट



डॉ. देवेंद्र कुमार
दंत चिकित्सक, एम्स-दिल्ली

आरसीटी के बाद जब प्राकृतिक दांत का बहुत ज्यादा हिस्सा ऊपर की ओर नहीं बचे या कुछ समय बाद किसी कारणवश वह टूट जाए, तब दंत चिकित्सक 'पोस्ट एंड कोर' की सलाह देते हैं। क्या है यह प्रोसेस, जानिए।

## आरसीटी के बाद दांत को सुरक्षित बनाए पोस्ट एंड कोर

दांतों में गंभीर इंफेक्शन होने पर डेंटिस्ट रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) करते हैं। 'पोस्ट एंड कोर', डेंटल रेस्टोरेशन की वह प्रक्रिया है, जिसका प्रयोग ऐसे दांत को सुरक्षित रखने के लिए किया जाता है, जिसमें आरसीटी के बाद दांत का प्राकृतिक ढांचा ज्यादा नहीं बच पाता। ऐसे में क्राउन, ब्रिज, इंप्लांट या रिमूवर बेंचर के लिए यह सहारा बनता है।

### क्या है पोस्ट एंड कोर

**पोस्ट:** इस प्रक्रिया में धातु या फाइबर की एक पतली छड़ (रॉड) को रूट कैनाल की जड़ खाली करके उसमें डाला जाता है।

**कोर:** यह पोस्ट के चारों ओर बनाया जाने वाला आधार है, जो क्राउन रेस्टोरेशन को मजबूती और स्थिरता देता है।

### क्यों पड़ती है इसकी जरूरत

आरसीटी के बाद पोस्ट एंड कोर की जरूरत कुछ कंडीशंस में पड़ती है।

- दांत का ढांचा पर्याप्त न होने पर, क्राउन ढीले हो सकते हैं, अपनी जगह से हट सकते हैं या आरसीटी किए गए दांत को सही सुरक्षा नहीं दे पाते। ऐसे में पोस्ट एंड कोर प्रक्रिया एक मजबूत आधार बनकर इस ढांचागत कमी को दूर करती है, जो दांत के मूल आंतरिक ढांचे जैसा ही होता है।
- कई बार दांतों के ढांचे के नुकसान की सीमा ट्रीटमेंट से पहले दांत की स्थिति पर भी निर्भर करती है। जिन दांतों में बहुत ज्यादा सड़न होती है या पहले से बड़ी फिलिंग होती है, उनमें आरसीटी के बाद बहुत कम स्वस्थ ढांचा बच जाता है। ऐसे में, दांत की बची हुई दीवारें भोजन चबाने की प्रक्रिया का दबाव भी नहीं झेल पातीं।
- आरसीटी के बाद दांत में लगातार बेचैनी या सेंसिटिविटी, खासकर कुछ काटते या चबाते समय, महसूस हो या लगे कि स्ट्रक्चरल सपोर्ट सही नहीं है या टेंपररी रेस्टोरेशन में कोई दिक्कत है या टेंपररी फिलिंग या क्राउन ढीला हो जाए या निकल जाए या ट्रीटमेंट किए गए दांत के रूप-रंग में बदलाव दिखने लगे, तो डॉक्टर यह प्रोसीजर कर सकते हैं।



### क्या होता है इस प्रक्रिया में

पोस्ट एंड कोर की यह प्रक्रिया आरसीटी के कई हफ्तों बाद की जाती है, ताकि ट्रीटमेंट के बाद दांत को ठीक होने का पर्याप्त समय मिल सके। इसकी आवश्यकता किसी मरीज को है या नहीं, यह भी चिकित्सक आरसीटी के बाद तय करते हैं।

इस प्रक्रिया के दौरान रूट कैनाल फिलिंग मैटीरियल के एक हिस्से को सावधानी से हटाया जाता है ताकि पोस्ट के लिए जगह बन सके, साथ ही जड़ के सिरे पर सही सील बनी रहे। इसके बाद पोस्ट को या तो सीमेंट से अपनी जगह पर लगाया जाता है या कुछ मामलों में, कोर स्ट्रक्चर के हिस्से के तौर पर कास्ट किया जाता है। पोस्ट के चारों ओर कोर मैटीरियल लगाकर दांत के खोए हुए हिस्से को फिर से बनाया जाता है, ताकि फाइनल क्राउन को सहारा देने के लिए सही आकार और बनावट तैयार कर सकें। पोस्ट एंड कोर के लिए कई जगह कंपोजिट कोर के साथ फाइबर ग्लास पोस्ट या पारंपरिक कास्ट मेटल पोस्ट और कोर का भी प्रयोग करते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

आरसीटी के बाद जरूरी इलाज में देरी से समस्या बढ़ सकती है, क्योंकि बिना सुरक्षा वाले दांतों के टूटने या उनमें दोबारा इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है। ऐसे में जरूरी है कि मरीज आरसीटी के बाद रेग्युलर फॉलोअप कराते रहें। *

प्रस्तुति: सुषमाश्री

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

स्लीप योगा योगासनों के जरिए नींद पाने का एक ऐसा जरिया है, जो गहरी नींद का अनुभव करा सकती है। इसलिए आज लाखों लोग स्वस्थ नींद के लिए, नींद योग कर रहे हैं। इसे कैसे करते हैं, इसके क्या फायदे हैं, आप जरूर जानना चाहेंगे।

## अच्छी नींद के लिए कारगर है स्लीप योगा



दिनभर की भाग-दौड़, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, काम का दबाव और डिजिटल सक्रियता ने अधिकांश लोगों की सुकून भरी नींद छीन ली है। हालात ये हो गए हैं कि लोग थकान से चूर रहते हैं, लेकिन फिर भी बिस्तर पर इधर से उधर करवट बदलते रहते हैं, उन्हें नींद नहीं आती। इन दिनों ऐसी एक नहीं अनेक वजहें हैं, जिनसे लोगों को भरपूर नींद नहीं आती है। ऐसे में स्लीप योगा कारगर उपचार के रूप में सामने आया है। यह केवल नींद लाने का उपाय नहीं है बल्कि इससे शरीर की जैविक घड़ी को भी संतुलित किया जा सकता है। मानसिक तनाव कम करने और नींद की गुणवत्ता सुधारने का यह एक समग्र माध्यम है। यही कारण है कि इन दिनों बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और भरपूर नींद की तलाश में लोग स्लीप योगा को अपना रहे हैं।

**क्या है स्लीप योगा:** यह एक ऐसी प्राचीन भारतीय पद्धति है, जो बिना अतिरिक्त श्रम किए शरीर को विश्राम की अवस्था में ले जाने की क्षमता रखती है। गहरी श्वास, ध्यान और विश्रामकारी आसनों के जरिए बड़ी सहजता से योग निद्रा हासिल की जा सकती है।



**स्लीप योगा के स्टेप्स:** स्लीप योगा उन योग तकनीकों का समूह है, जो सोने से पहले शरीर और मन को शांत करने के लिए जरूरी होती है। इसमें मुख्य रूप से शामिल हैं- गहरी श्वास का अभ्यास यानी डीप ब्रीदिंग, योग मुद्रा, हल्के स्ट्रेचिंग आसन, मेडिटेशन, माइंडफुलनेस तकनीकें। दरअसल, इन तमाम तकनीकों का उद्देश्य शरीर को आराम देना और नर्वस सिस्टम को विश्राम के लिए संकेत देना है। विशेषज्ञ कहते हैं कि स्लीप योगा शरीर की प्राकृतिक नींद की प्रक्रिया को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ और सहज बना देता है।

पहला अभ्यास विपरीतकरणी का है। इसके लिए दीवार के सहारे पैरों को ऊपर उठाकर एक सरल अभ्यास किया जाता है। इससे दिनभर की थकान कम होती है।

- स्लीप योगा में शामिल दूसरी गतिविधि शवासन है। यह वास्तव में स्लीप योगा का ही एक हिस्सा है। इसके तहत शरीर को पूरी तरह से ढीला छोड़ दिया जाता है, जिस कारण यह अभ्यास मानसिक तनाव कम करने में सहायक साबित होता है।
- अनुलोम-विलोम और गहरी श्वास, भी स्लीप योगा के कंप्लीट पैकेज का हिस्सा है। इसके तहत धीमी और नियंत्रित श्वास तंत्रिका तंत्र को शांत करने में मदद मिलती है, जिससे सोने की तैयारी आसान हो जाती है।

**और भी हैं कई फायदे:** यह आसन सिर्फ बुजुर्गों के लिए नहीं है। सभी उम्र के व्यक्ति इन दिनों नींद से पीड़ित हैं, ऐसे में हर उस व्यक्ति के लिए स्लीप योगा बहुत कारगर तरीका है, जो नींद संबंधी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। यही कारण है कि स्लीप योगा सभी आयु और वर्गों के लिए बेहद उपयोगी है। इसके और भी कई फायदे हैं। जैसे- बेहतर एकाग्रता पाने का जरिया है। इससे स्मरण शक्ति तेज होती है। भावनात्मक संतुलन बेहतर होता है। कार्यक्षमता बढ़ती है और समग्र स्वास्थ्य लाभ होता है यानी जब नींद सुधरती है, तो जीवन के कई अन्य पहलुओं पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**इन पर करे अमल:** स्लीप योगा के जरिए भरपूर नींद पाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें। सोने से 30 मिनट पहले मोबाइल, लैपटॉप और सभी तरह के गैजेट व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से पूरी तरह से अपनी दूरी बना लें। रात में भारी भोजन करने से बचें। बिस्तर में लेटकर 5 से 10 मिनट तक गहरी श्वास का अभ्यास करें। योग निद्रा या शवासन को अपने रोजमर्रा की दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। हर दिन एक ही समय पर सोने और एक ही समय पर जगने की आदत डालें। अत्यधिक चाय, कॉफी का सेवन देर शाम के बाद न करें, इससे नींद खराब होती है। *

## खबर संक्षेप

### पड़ाव चौकी पुलिस ने चोरी का आरोपी पकड़ा

**हिसार।** शहर की पड़ाव चौकी पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करके उससे चोरीशुदा सामान बरामद किया है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संदीप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए नलका चौक योग नगर निवासी आरोपी कमल को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर मामले में चोरीशुदा सामान बरामद कर लिया गया।

### पुलिस ने चलाया विशेष जागरूकता अभियान

**हिसार।** जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने सदर थाना क्षेत्र के गांव रावलवास खुर्द में विशेष जनजागरूकता एवं पुनर्वास अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने गांव के युवाओं, अभिभावकों एवं ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्हें नशे से दूर रहने, परिवार के सदस्यों को नशे से बचाने, शिक्षा पर ध्यान देने, खेलकूद तथा सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

### निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाया

**हिसार।** पुलिस लाइन स्थित पुलिस अस्पताल में बरवाला के वेदमृत आयुर्वेद हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क आयुर्वेदिक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा जोड़ों के दर्द, कमर एवं गर्दन दर्द, सर्वाइकल, गठिया, पेट संबंधी समस्याएं, त्वचा रोग, एलर्जी तथा अन्य सामान्य बीमारियों के संबंध में परामर्श दिया गया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कुल 85 पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों ने स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया।

### चेयरपर्सन प्रियदर्शनी का अभिनन्दन

**हिसार।** गुरुग्राम में आयोजित सम्मान समारोह में महिला आयोग की नवनियुक्त चेयरपर्सन ऊषा प्रियदर्शिनी का जिला स्वामी सभा, हिसार की कार्यकारिणी की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इसी कड़ी में हरियाणा बैरागी सभा के प्रदेशाध्यक्ष शिव कुमार बैरागी के साथ सभी जिलों के अध्यक्षों ने भी चेयरपर्सन का सम्मान किया। इस मौके पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों में प्रधान बीरबल स्वामी, संरक्षक गोरधन बैरागी, चंद्रभान, उपप्रधान सुभाष स्वामी, सज्जन बैरागी, राजमल स्वामी, शेर सिंह बैरागी, खजांची डॉ. इंद्र पाल, सचिव निरंजन, मीडिया प्रभारी रविंद्र शास्त्री, सह सचिव रामफल सरसाना, राजेंद्र स्वामी इत्यादि उपस्थित रहे।

### डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के स्वागत में लगाए 80 पौधे

**हांसी।** पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए लायन क्लब, हांसी ने बुधवार को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय गांधी के आगमन को यादगार बनाने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया। क्लब सदस्यों ने एक ही दिन में 80 पौधे लगाकर हरियाली का संदेश दिया, जबकि आगामी दिनों में 100 और पौधे विभिन्न स्थानों पर लगाए जाएंगे। क्लब द्वारा हुड्डा कॉलोनी पार्क, सिसाय पुल, स्वर्ग आश्रम, गीता भवन तथा श्री पंचायती रामलीला ग्राउंड सहित कई सार्वजनिक स्थलों पर पौधे रोपे गए। इस अवसर पर लायन सुरेश बंसल, प्रवीण गर्ग, गोपाल कृष्ण मुंजाल, विजय शर्मा, मदन लाल पाहवा, दिलबाग सिंह जाखड़ मौजूद रहें।

### निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया

**हिसार।** हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में सेवार्थ भाव से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित जरूरतमंद बुजुर्गों के नेत्र ऑपरेशन निशुल्क किए। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान समाजसेवी सुनीता रहेजा, रामनिवास अग्रवाल सीए, मांगेराम गुप्ता, जगमोहन जिंदल, सुरेंद्र कुच्छल व सुमित मित्तल सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग, चिकित्सक व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

---

### निजी कंपनी को लाइसेंस देकर सरकारी व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप

# गुरुग्राम-नूंह में निजी बिजली वितरण लाइसेंस पर सुनवाई के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हरियाणा में बिजली वितरण व्यवस्था के निजीकरण को लेकर मंगलवार को अहम मोड़ आया। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) में गुरुग्राम और नूंह राजस्व जिलों में इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस दिए जाने संबंधी याचिका पर सुनवाई हुई। इस याचिका के विरोध में ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने कार्यकारी अभियंता हांसी कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन के यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा ने की तथा संचालन सचिव जोनी कुमार ने किया। यूनियन के राज्य कैशियर सुरेंद्र यादव ने कहा कि एचईआरसी द्वारा निजी कंपनी को लाइसेंस देने से सरकारी बिजली व्यवस्था कमजोर होगी। सार्वजनिक निवेश प्रभावित होगा और भविष्य में पूरे बिजली क्षेत्र के निजीकरण का रास्ता खुलेगा। उन्होंने आयोग के समक्ष विस्तृत आपत्तियां दाखिल कर मांग की है कि जनहित, कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के हितों को देखते हुए इस प्रस्ताव को खारिज किया जाए। प्रदर्शन में सुनील यादव, श्यामपाल यादव, मनोज बडाला, अमरजीत यादव, राकेश पेटवाड़, राजेश पेटवाड़, बलराज यादव, सतीश शर्मा, राजेंद्र कुमार, संदीप कुमार, राजेश सैनी, सुमित मित्तल, पवन कुमार, सतीश रोहिल्ला, राजवीर लोहान, सुनील कुमार, राजेश बामल, अनिल चौहान सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।



हांसी। कार्यकारी अभियंता कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### रिटायर्ड कर्मचारी महासंघ भी आया साथ

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज हिसार डिपो में कर्मचारियों के लंबित वित्तीय लाभों को लेकर चल रहा आंदोलन अब और व्यापक होता जा रहा है। आंदोलन के 55वें दिन बुधवार को हरियाणा रोडवेज रिटायर्ड कर्मचारी महासंघ ने भी आंदोलनरत सांझा संघर्ष समिति के समर्थन में खुलकर मैदान में उतरते हुए महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया। महासंघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कर्मचारियों और पेंशनरों की लंबित मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 9 जुलाई को महाप्रबंधक कार्यालय के घेराव और 10-11 जुलाई की प्रस्तावित हड़ताल में सेवानिवृत्त कर्मचारी भी पूरी ताकत के साथ भाग लेंगे। महासंघ की ओर से बलबीर देशवाल की अध्यक्षता में आयोजित घेराव के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबे समय से लंबित वित्तीय लाभ, मेडिकल भत्ता, महंगाई भत्ता (डीए), रात्रि ठहराव भत्ता सहित अन्य देयकों का तत्काल भुगतान करने की मांग उठाई गई।

### शैलेंद्र कुंडू अध्यक्ष व जयवीर सीलन बने सचिव

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक राजगढ़ रोड स्थित सर्कल कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लीलाधर शर्मा ने की, जबकि संचालन जिला कोषाध्यक्ष पवन गुंदली ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य डिवीजन-02 की नई कार्यकारिणी का गठन करना तथा 17 जुलाई को अंबाला में ऊर्जा मंत्री के प्रस्तावित घेराव को लेकर संगठन की रणनीति पर चर्चा करना रहा। बैठक में सबसे पहले बालसमंद सब-डिवीजन की कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें अजय रोहिल को अध्यक्ष, नरेश ढुकिया को सचिव और संदीप को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद डिवीजन-02 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।



हांसी। शहर में चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण करते डीएमसी।

### हांसी एडीसी के नेतृत्व में चला विशेष स्वच्छता अभियान

**हांसी।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एडीसी एवं डीएमसी लक्षित सरीन के नेतृत्व में बुधवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बुधवार को वार्ड नंबर 1, 5, 16, 19 और 24 में नगर परिषद एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीमों ने नालों, सड़कों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों और सीवरेज लाइनों की व्यापक सफाई की। अभियान के दौरान एडीसी लक्षित सरीन स्वयं विभिन्न वार्डों में पहुंचे और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में कहीं भी कूड़े के ढेर, गंदगी या जलभराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक अधिकारी अपने क्षेत्र की नियमित निगरानी सुनिश्चित करे। सफाई अभियान के दौरान नालों से सिल्ट और कचरा निकालकर उसका तत्काल उठान किया गया। सड़कों और गलियों की सफाई के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों को भी साफ किया गया। जिन स्थानों पर सीवरेज जाम की समस्या थी, वहां सुपर सकर मशीन की सहायता से सीवर लाइनों की सफाई कराई गई, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से बचा जा सके। अभियान के सफल संचालन के लिए अलग-अलग वार्डों में अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई थीं। वार्ड-5 में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी प्रतीक्षा सांगवान, वार्ड-16 में कनिष्ठ अभियंता संदीप, वार्ड-24 में कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र सोनी, वार्ड-1 में स्वयं एडीसी लक्षित सरीन, जबकि वार्ड-19 में तकनीकी विशेषज्ञ अनुज और प्लांटेशन विशेषज्ञ सुरजीत ने अभियान का नेतृत्व किया। इस दौरान कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र सोनी, प्रतीक्षा सांगवान, संदीप, अनुज, सुरजीत सहित नगर परिषद एवं अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

---



हिसार। सेक्टर-33 आरडब्ल्यूए वर्किंग कमेटी की बैठक में उपस्थित सदस्य।

### समस्याओं का 18 तक समाधान नहीं हुआ तो 19 को होगा धरना-प्रदर्शन

**हिसार।** सेक्टर-33 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के त्रिवार्षिक चुनाव दो वर्षों से अधिक समय से लंबित होने के कारण गठित वर्किंग कमेटी की बैठक बुधवार को ब्लॉक-ए पार्क में हुई। बैठक में सदस्यता अभियान, आगामी आरडब्ल्यूए चुनाव तथा सेक्टर की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रत्येक घर से 100 रुपये सदस्यता शुल्क लेकर अभियान जल्द पूरा करने तथा अधिक से अधिक परिवारों को संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सभी अपने अपने ब्लॉक में सामुहिक रूप से सदस्यता करेंगे। साथ ही सदस्यता रसीदें छपवाने और आगामी आरडब्ल्यूए चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कराने पर सहमति बनी। वर्किंग कमेटी ने सेक्टर की स्वच्छता, सीवरेज, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, पार्कों के रखरखाव और सुरक्षा सहित अन्य नागरिक समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से संपर्क करने का निर्णय लिया। समिति ने चेतावनी दी कि यदि 18 जुलाई तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 19 जुलाई को सेक्टरवासी धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर देव भाटिया, मास्टर बलदेव बगला, निहाल सिंह गोदारा, श्याम राजलीवाल आदि मौजूद थे।

# नशा, साइबर अपराध और अवैध धंधे पर पुलिस का ट्रिपल एक्शन

- नशा, शराब और साइबर ठगों के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर जब्त की करोड़ों की अवैध संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अपराध नियंत्रण की दिशा में जिला पुलिस ने ऐसा प्रदर्शन किया है, जिसकी चर्चा अब पूरे प्रदेश में हो रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में पुलिस ने नशा तस्करी, साइबर अपराध, अवैध शराब कारोबार, जुआ और संगठित अपराध के खिलाफ लगातार आक्रामक अभियान चलाकर कार्रवाई के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अपराधियों की गिरफ्तारी से लेकर उनकी अवैध संपत्ति जब्त करने तक की सख्त रणनीति ने अपराध जगत में खलबली मचा दी है। पुलिस का यह मॉडल अब हरियाणा में प्रभावी और परिणाम आधारित पुलिसिंग की मिसाल बनकर उभर रहा है। इस वर्ष एक जनवरी से 6 जुलाई तक की अवधि की तुलना वर्ष 2025 की समान अवधि से की जाए तो लगभग हर प्रमुख श्रेणी में कार्रवाई कई गुना बढ़ी है।

#### नशा व अवैध शराब सिंडिकेट पर कार्रवाई

इस वर्ष नशे के काले कारोबार पर पुलिस ने सबसे करारा प्रहार किया है। एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की संख्या पिछले साल के 64 से दोगुनी से भी अधिक बढ़कर इस साल 135 हो गई है, जिसमें रिकॉर्ड 226 आरोपियों को जेल भेजा गया है। लगातार दबिश से संगठित ड्रग नेटवर्क पूरी तरह बिखर गया है। वहीं, अवैध शराब माफिया की कमर तोड़ते हुए आबकारी अधिनियम के तहत इस वर्ष 94 मामले दर्ज कर 101 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 288 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त, जुआ अधिनियम के तहत भी 13 मामलों में 50 आरोपियों को दबोचा गया है।

#### 1.79 करोड़ की संपत्ति कुर्क

हिसार पुलिस की सबसे अचूक और प्रभावी रणनीति अपराधियों की आर्थिक नाकेबंदी करने की रही है। इसी के तहत, ड्रग मनी से खड़ी की गई तस्करों की करीब 1 करोड़ 79 लाख 83 हजार 464 रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्ति को फ्रीज (अटैच) किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 184 प्रतिशत अधिक है।

#### साइबर अपराधियों पर हाई-टेक वार

डिजिटल अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए हिसार पुलिस ने तकनीक का बेहतरीन इस्तेमाल किया है। शातिर साइबर अपराधियों को देश के अलग-अलग कोनों से ढूंढकर 171 गिरफ्तारियां की गईं, जो पिछले साल से 90 प्रतिशत अधिक हैं। सबसे बड़ी सफलता यह रही कि पुलिस ने तकनीकी मुस्तैदी से ठगी का शिकार हुए बेकसूर लोगों की 86 लाख 2 हजार 471 रुपये की डूबी रकम को उनके खातों में सुरक्षित वापस रिफंड कराया।

#### अपराधियों के लिए कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं: एसपी



एसपी सिद्धांत जैन ने मंगलवार को पत्रकारों से आंकड़े साझा करते हुए कहा कि हिसार पुलिस केवल अपराधियों को जेल भेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि हम अपराध की पूरी श्रृंखला और उसके आर्थिक ढांचे को नेस्तनाबूद करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक, मजबूत सूचना तंत्र, वैज्ञानिक अनुसंधान और निरंतर फील्ड एक्शन के जरिए नशा तस्करी, साइबर ठगी और अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे और भी अधिक आक्रामक होगा।

आंकड़े बताते हैं कि पुलिस अब केवल एफआईआर दर्ज करने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ने, आर्थिक स्रोत खत्म करने और पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने की दिशा में समान रूप से प्रभावी काम कर रही है।

### निर्माण मजदूरों के रिजेक्ट पंजीकरण बहाल नहीं हुए तो 10 को करेंगे घेराव : मनोज



**हिसार।** भवन निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के राज्य अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा श्रम कल्याण बोर्ड के पोर्टल को दोबारा शुरू करने के बावजूद निर्माण मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। हजारों मजदूर आज भी अपने अधिकारों से वंचित हैं और रोजाना हेल्प डेस्कों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। मनोज कुमार ने बताया कि निर्माण मजदूर अपनी इन्हीं मांगों को लेकर इससे पहले भी दो बार कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर प्रदर्शन कर चुके हैं। दोनों बार मंत्री द्वारा मजदूरों की मांगों का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मनोज कुमार ने बताया कि एक सप्ताह पहले भी मंत्री के पुत्र सुरेंद्र गंगवा को ज्ञापन देकर 10 जुलाई तक मुख्यमंत्री से वार्ता कर निर्माण मजदूरों की समस्याओं का समाधान कराने का आग्रह किया गया था। स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि यदि 10 जुलाई तक कोई समाधान नहीं हुआ तो निर्माण मजदूर मजबूर होकर मंत्री आवास का घेराव करेंगे।

### वैज्ञानिक अनुसंधान मानव जीवन को बेहतर बनाने का माध्यमः प्रो. संदीप राणा



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'स्वास्थ्य एवं चिकित्सा प्रौद्योगिकीः जीन से औषधि खोज तक' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के सभागार में शुरू हुई। कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा मुख्य अतिथि व प्राणी विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. आलोक चंद्र भारती कार्यशाला के मुख्य वक्ता रहे। यह कार्यशाला एएनआरएफ-पेयर (त्वरित नवाचार एवं अनुसंधान के लिए साझेदारी) परियोजना के अंतर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा जैव-सूचना विज्ञान अवसंरचना सुविधा (बीआईएफ), डॉ. भीमराव आंबेडकर जैव-चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (एसीबीआर), दिल्ली विश्वविद्यालय तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग की आणविक ऑन्कोलॉजी प्रयोगशाला के सहयोग से आयोजित की जा रही है। गुजवि इस कार्यशाला की मेजबान संस्था है। मुख्य अतिथि प्रो. संदीप सिंह राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान का उद्देश्य केवल नई तकनीकों का विकास करना नहीं, बल्कि मानव जीवन को अधिक स्वस्थ और बेहतर बनाना भी है।

### अभाविप ने स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर किया गुजवि में 78 पौधों का रोपण

**हिसार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस की पूर्व संध्या पर यहां के गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में प्रथम चरण के अंतर्गत 78 पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने पौधारोपण करते हुए कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सभी का सामूहिक दायित्व है। आज पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिकाधिक पौधारोपण और उनकी नियमित देखभाल आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभाविप के विभाग प्रमुख हेमंत कौशिक ने की। इस मौके पर हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. कल्पना, कार्यक्रम के संयोजक एवं अभाविप जीजेयू इकाई के अध्यक्ष कमलदीप अत्री, सचिव निकुंज शर्मा, मोहित शर्मा, तरुण जांगड़ा, करण यादव, कुलविंद, कुलविंदर, साहिल, श्रीकांत ,करण, बृजेश आदि मौजूद रहे।

### नई पुलिस लाइन के निर्माण कार्य का एसपी ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता व समयसीमा पर दिया जोर

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बुधवार को बरवाला रोड स्थित निर्माणाधीन नई पुलिस लाइन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन भवनों एवं आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसपी विनोद कुमार ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नई पुलिस लाइन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगी, जिससे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कार्य एवं आवासीय वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने और सभी सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति और आगामी कार्ययोजना की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर डीएसपी विनोद शंकर, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।




हांसी। बैठक को संबोधित करते हांसी आप जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी।

### सोरखी में आप की संगठनात्मक बैठक प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव सोरखी में आम आदमी पार्टी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने की। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी राजनीतिक रणनीति तैयार करने और जनहित के मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई। सोरखी पहुंचने पर जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी व पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ. गुप्ता का स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने हरियाणा के पानी के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि केंद्र के दबाव में हरियाणा के हिस्से का पानी राजस्थान को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने देगी। साथ ही हांसी के चानौत गांव की पेयजल मांग का समर्थन भी दोहराया। वहीं जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि हरियाणा में अपराध, फिरौती और नशे की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं और हांसी क्षेत्र में भी अपराधियों तथा नशा तस्करों का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। बैठक में संगठन मंत्री अश्वनी दुल्हेड़ा, राजेन्द्र शर्मा, रामनाथ धुआरिया, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन जैन, हांसी हल्का अध्यक्ष रमेश पानू, अजय शास्त्री, सुमेर मलिक, सुभाष लोहान, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

### बरवाला डिजिटलीकरण में सबसे आगे, अन्य उपमंडल भी कार्य में लाएं तेजी

# जिले में अभी तक 65.43% एन्यूमरेशन फॉर्म का हुआ डिजिटलाइजेशन

*एसआईआर अभियान में तेजी लाएं एन्यूमरेशन फॉर्म जल्द एकत्रित कर पूरा करें डिजिटलाइजेशन : डीसी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त महेंद्र पाल ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान से जुड़े सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों, बूथ स्तर के अधिकारियों तथा संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि शेष एन्यूमरेशन फॉर्म जल्द से जल्द एकत्रित कर उनका डिजिटलाइजेशन निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए।

बुधवार को हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि हिसार जिले में अभियान के तहत बुधवार दोपहर तक 65.43 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म का डिजिटाइजेशन पूरा किया जा चुका है। उन्होंने पिछले दो दिनों में हुई उल्लेखनीय प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों से कहा कि शेष फॉर्म भी शीघ्र एकत्रित कर उनका डिजिटलाइजेशन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अभियान समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके। उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक स्तर पर नियमित निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कार्य अपेक्षाकृत धीमा है, वहां अतिरिक्त प्रयास करते हुए गति बढ़ाई जाए, ताकि जिले का प्रदर्शन और बेहतर हो सके। उन्होंने बताया कि बरवाला उपमंडल जिले में सबसे अग्रणी बना हुआ है, जहां अब तक लगभग 71 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म का डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है। उन्होंने अन्य उपमंडलों से भी बरवाला की कार्यशैली से प्रेरणा लेकर अभियान में तेजी लाने का आह्वान किया।

#### बीएलओ रामफल किए गए सम्मानित



**हांसी।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हांसी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर-14 के बूथ लेवल अधिकारी रामफल को एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी राजेश खोथ ने प्रशंसा पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया। रामफल राजकीय विद्यालय बीड़ फार्म में जेबीटी अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें यह सम्मान गणना प्रपत्रों के डिजिटलाइजेशन का 98 प्रतिशत कार्य सबसे तेजीसे पूर्ण करने पर प्रदान किया गया। एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान निर्वाचन आयोग का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसकी सफलता बूथ लेवल अधिकारियों की मेहनत और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि रामफल ने पूरी निष्ठा, लगन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि जो बीएलओ एवं सुपरवाइजर अभियान के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, उन्हें भी प्रशंसा पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

#### कल तक गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन करें पूर्ण : एसडीएम

**हांसी।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत हांसी विधानसभा क्षेत्र में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से बुधवार को एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी राजेश खोथ ने सुपरवाइजरों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार 10 जुलाई तक सभी गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए।

**सूचना**

मैं, चन्दा देवी पत्नी स्व. श्री किशन लाल निवासी मकान नं. 11/1, वार्ड नं. 2. गली नं. 20, न्यू ऋषी नगर, तह. व जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरा पुत्र राजेश निभोरिया व उसकी पत्नी पुष्पा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जाट धर्मशाला, हिसार के कंडम समान जैसे AC, दरवाजे, खिड़की, कुलर, पंखे, लोहे के गेट आदि की नीलामी दिनांक 12/07/2026 को प्रातः 11:00 बजे जाट धर्मशाला, हिसार में खुली बोली करवाई जाएगी। जमानत राशि 5000/-रूपये होगी। बाकि कि शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

संजीव कोहाड़ नम्बरदार, प्रधान
जाट धर्मशाला सभा, हिसार
9466671882

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 तक बढ़ी

**हांसी।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने आईटीआई सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन तथा ट्रेड चॉइस भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जुलाई 2026 कर दी गई है। संस्थान के प्रधानाचार्य भूप सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों की ट्रेड चॉइस या आईटीआई चॉइस भरनी शेष रह गई थी, वे अब 15 जुलाई अपने विकल्प भर सकते हैं। इसके अलावा, इच्छुक नए अभ्यर्थी भी इस अवधि के दौरान अपना ऑनलाइन आवेदन (नया फॉर्म) जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए संस्थान में हेल्पडेस्क संचालित किया जा रहा है, जहां प्रवेश प्रक्रिया, ऑनलाइन आवेदन, ट्रेड एवं आईटीआई चॉइस भरने सहित अन्य संबंधित जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### कीटनाशक के प्रभाव से युवक की मौत

**हिसार।** सीसवाल गांव निवासी एक युवक ने मानसिक परेशानी के चलते कीटनाशक का सेवन कर लिया। शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार सीसवाल निवासी मुकेश डीजे की गाड़ी चलाता था। वह अविवाहित था। गत दिवस वह घर पर अकेला था। मानससिक परेशानी के चलते उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिस कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई।

### युवती ने भूलवश पीया कीटनाशक, मौत

**हिसार।** जुगलान निवासी 16 वर्षीय तमन्ना की कीटनाशक के प्रभाव से मौत हो गई। सदर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार तमन्ना कई दिनों से बीमार चल रही थी। चार जुलाई को उसने भूलवंश खांसी की दवा की जगह जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिस कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई।

### स्वेट टीम-2 ने पीरांवली में चलती भट्ठी पकड़ी

**हिसार।** स्वेट टीम-2 की टीम ने चेकिंग के दौरान गांव पीरांवली में चल रही अवैध शराब की भट्ठी पर कार्रवाई करते हुए मौके से अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण एवं अन्य सामान बरामद कर जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान मौके पर लगभग 400 लीटर लाहन बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया ताकि इसका दुरुपयोग न हो सके। पुलिस ने मौके से बरामद समस्त सामान को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मारपीट के मामले में छठा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। सहायक उप निरीक्षक अनवर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मारपीट के मामले में वांछित छठे आरोपी प्रेम नगर निवासी आर्यन उर्फ मोटू को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस द्वारा पूर्व में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## मानसून को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

# डीसी समेत सभी अधिकारी फील्ड में उतरे जल निकासी के प्रबंधों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मानसून सीजन के दौरान संभावित जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में बुधवार को उपायुक्त महेंद्र पाल सहित जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों का दौरा कर जल निकासी प्रबंधों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त महेंद्र पाल ने गांव देवा, टोकस, पातन, आर्य नगर, शाहपुर सहित घग्गर मल्टीपरपज ड्रेन के दोनों ओर स्थित गांवों का निरीक्षण किया। ड्रेन की सफाई कार्य पूर्ण हो चुका है। तटबंधों को मजबूत किया गया है। उन्होंने मुहानों को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए, ताकि भारी वर्षा की स्थिति में जल निकासी सुचारू बनी रहे। उन्होंने ड्रेन की सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ड्रेन के समीप स्थित गांवों के जोहड़ों एवं तालाबों को भी आपात स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार रखा जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग जल निकासी के लिए किया जा सके।



### किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए: डीसी

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा जलभराव की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

### अधिकारियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में किया दौरा

जिला नगर आयुक्त सी. जयाश्रद्धा ने हिसार शहर के औद्योगिक क्षेत्र (इंडस्ट्रियल एरिया), 12 क्वार्टर सहित विभिन्न स्थानों पर जल निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने ऋषि नगर स्थित एसटीपी तथा शहरी क्षेत्र से गुजरने वाली ड्रेन का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### एसडीएम ने की जल निकासी के प्रबंधों की समीक्षा

इसी कड़ी में बरवाला के एसडीएम अश्वीर नैन ने पुलिस लाइन से सीआईआरबी फार्म की ओर जाने वाली ड्रेन का निरीक्षण किया, जबकि हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल ने धांसू और मिर्जापुर क्षेत्र में जल निकासी प्रबंधों की समीक्षा की। वहीं, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी (डीडीपीओ) नरेंद्र ने गंगवा, आर्य नगर सहित अन्य क्षेत्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## एमसीए की 60 सीटों पर 153 ने दी प्रवेश परीक्षा

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिक्षण खंड-7 में मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा के सुचारु, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने प्रवेश परीक्षा के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, परीक्षा आयोजन समिति तथा सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओपी सांगवान ने बताया कि एमसीए पाठ्यक्रम की 60 सीटों पर प्रवेश के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए कुल 194 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 153 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में उपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई। प्रो. सांगवान ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर शीघ्र घोषित किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत प्रथम काउंसलिंग का आयोजन 10 जुलाई को शिक्षण खंड-6 स्थित कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में किया जाएगा।



हांसी। चानौत में पानी की मांग को लेकर धरने पर बैठीं महिलाएं व ग्रामीण।

## चानौत जल आंदोलन 54वें दिन भी जारी, कल होगी महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

गांव चानौत में पेयजल की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन बुधवार को 54वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर ग्रामीणों का धरना लगातार जारी है और गांव के लोग अपनी मांगों को लेकर एकजुट होकर आंदोलन में डटे हुए हैं। धरना कमेटी ने आंदोलन के अगले चरण को लेकर 10 जुलाई को एक महत्वपूर्ण महापंचायत बुलाई है।

इस बैठक में हरियाणा की सभी प्रमुख खाप पंचायतों, किसान संगठनों, सामाजिक संगठनों तथा आंदोलन का समर्थन कर रहे प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। माना जा रहा है कि इस बैठक में आंदोलन की आगामी दिशा और बड़े कार्यक्रमों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। धरना कमेटी के अनुसार 12 जुलाई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित हिसार दौरे तथा 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जींद दौरे को देखते हुए आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

### बैठक में इन मुद्दों पर किया जाएगा मंथन

बैठक में इस बात पर मंथन होगा कि सरकार तक ग्रामीणों की मांग को प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए आगे कौन-कौन से कदम उठाए जाएं। कमेटी का कहना है कि चानौत का आंदोलन अब केवल एक गांव तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे प्रदेश के विभिन्न खाप संगठनों, किसान संगठनों और सामाजिक संस्थाओं का समर्थन मिल रहा है। इसी समर्थन के आधार पर आंदोलन को और व्यापक रूप देने की तैयारी की जा रही है। धरना स्थल पर ग्रामीणों ने एक बार फिर दोहराया कि जब तक गांव की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन पूर्व की तरह जारी रहेगा।

## बेघर होने के डर से की आत्मदाह की कोशिश

■ बास खुर्द में 29 मकानों पर पीले पंजे का साया

**नारनौंद।** गांव बास खुर्द में अवैध भूमि पर 29 प्लाटों को लेकर कुछ लोगों के घरों पर पीला पंजा चलने का खतरा मंडरा रहा हैं। इसी को लेकर एक युवक ने आग लगाकर जान देने की कोशिश की है। गांव बास खुर्द निवासी जयबीर ने खुद को आग लगाकर जान देने की कोशिश की और उन्होंने एक वीडियो के माध्यम से बताया कि वे पिछले 30 वर्षो से इसी जगह पर मकान बना कर रह रहे हैं। एक जुलाई को कानूनगो की मौजूदगी में इन प्लाटों की निशानदेही करवाई गई है। इसमें इन प्लाटों की जमीन किसी और के नाम है। अगर हमारे मकान तोड़े गए तो हम बेघर हो जाएंगे। हम किसी भी कीमत पर मकान को खाली नहीं करेंगे। उन्होंने सरकार प्रशासन से गुहार लगाई है कि प्रशासन उनके आसियानों को सुरक्षित रखने का काम करें। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 30 साल पहले इन लोगों को इसी जगह पर पंचायत की तरफ से प्लॉट दिए गए थे। अब इस जमीन पर किसी और का मालिकाना हक निकल गया हैं। इसमें इन लोगों का कोई कसूर नहीं है।

## 3.5 माह बाद भी नहीं जागा निगम, करोड़ों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रही निकासी व्यवस्था

### सेक्टर 16-17 व 13 पार्ट-2 की समस्याओं पर दोबारा दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 16-17 और 13 पार्ट-2 के निवासियों ने सेक्टर की लंबित और गंभीर समस्याओं को लेकर नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को सेक्टर 16-17 के कम्युनिटी सेंटर में प्रधान इंद्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सेक्टर की बदहाली पर गहन मंथन हुआ। इसके बाद एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम कमिश्नर से मुलाकात कर उन्हें लिखित रूप में समस्याओं का मांग पत्र सौंपा। एसोसिएशन के सदस्य कुलबीर दुहन ने बताया कि इससे पहले 30 मार्च को भी नगर निगम के तत्कालीन कमिश्नर को इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन दिया गया था, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी ढुलमुल रवैये से नाराज होकर आज दोबारा नवनियुक्त कमिश्नर को समस्याओं से अवगत कराते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।

नगर निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान इंद्र सिंह मलिक, जनरल सेक्रेटरी धर्मपाल कालीरमन, कुलबीर दुहन, डॉ. हरिचंद, वजीर बुढ़ाना, चरण सिंह सिवाच, तिलक मेहता, चरण सिंह झाझरिया, कर्नल चतर सिंह गोयत, प्रोफेसर दिलीप सिंह ख्यालिया, डॉ. कमल दत्त शर्मा, बलवीर सिंह लाठर, ओम प्रकाश शोंकंद, सुरजा राम झाझरिया, राजकुमार दलाल और मास्टर बलबीर बुरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



### सेक्टर वासियों ने यह गिनाई समस्याएं

सेक्टरवासियों ने आरोप लगाया कि ड्रेनेज सफाई के नाम पर ठेकेदार केवल खानापूर्ति करते हैं। एचएसवीपी से नक्शा लेकर पूरे ड्रेनेज की शुरू से अंत तक सफाई होनी चाहिए। टूटे ढक्कन और उखड़ी जालियों को तुरंत ठीक किया जाए, क्योंकि थोड़ी सी बरसात में खाली प्लॉटों में पानी भर जाता है जिससे लोगों की करोड़ों की संपत्ति को नुकसान हो रहा है। सेक्टर में आवारा पशुओं, लावारिस कुत्तों और बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि लोगों का घरों से निकलना दूभर है। सेक्टर वासियों को इस गंभीर समस्या से जल्द निजात दिलाई जाए। कम्युनिटी सेंटर की बदहाली और दीमक का राजः सेक्टर 16-17 के कम्युनिटी सेंटर की हालत बेहद दयनीय हो चुकी है। सड़कें खस्ताहाल, सफाई व्यवस्था ठपः सेक्टर की मुख्य सड़कें टूट चुकी हैं। सफाई कर्मचारी और रेहड़ियों की संख्या बेहद कम होने से सड़कों के किनारे गंदगी के ढेर लगे हैं। महिला सत्संग स्थल के एंट्रेंस गेट पर रेहड़ी और नारियल वालों ने अवैध कब्जा कर रखा है, जिससे महिलाओं को बैठने और पूजा-पाठ में भारी दिक्कत आ रही है। इन्हें तुरंत वहां से हटाया जाए।

## परम मित्र कन्या विद्या निकेतन स्कूल के छात्र ओलंपियाड में छाए



**नारनौंद।** परममित्र कन्या विद्या निकेतन खांडा खेड़ी के छात्र ओलम्पियाड के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए हिंदी विषय में छात्र युवान एवं मानविक ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक, विहान ने तृतीय रैंक, तन्मय सिंधु ने सामाजिक विज्ञान एवं हिंदी दोनों विषयों में आठवां रैंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परमवीर एवं रियांश ने 11वां एवं 13वां रैंक प्राप्त किया है। सभी होनहार छात्रों को गोल्ड मेडल, उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रमाण पत्र एवं एक हजार रुपये के गिफ्ट वाउचर देकर सम्मानित किया गया है। विद्यालय की कार्यकारिणी समिति की चेयरपर्सन डाक्टर एकता सिंधु, निदेशक सुभाष श्योराण, संयोजक प्रवीण परूथी ने कैंपस प्रशासक मनदीप सिंधु व प्राचार्य अमित की गौड़ को शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। स्कूल के प्राचार्य अमित गौड़ ने कहा कि विद्यालय ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को निखारने के लिए वचनबद्ध है। स्कूल में लगातार ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं जिससे कि छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ सके।

## इंडस पब्लिक स्कूल में हुई 'इन्वेस्टीचर सेरेमनी', छात्र परिषद को सौंपे दायित्व

■ छात्र लक्ष्य निर्धारित करके मंजिल की तरफ बढ़ाए कदम : सुभाष श्योराण



**नारनौंद।** इंडस पब्लिक स्कूल, मिर्चपुर में छात्र परिषद के गठन के लिए 'निवेशक समारोह' (इन्वेस्टीचर सेरेमनी) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंडस शिक्षण संस्थानों के निदेशक सुभाष श्योराण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने स्कूल के प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह और उप-प्रधानाचार्या संगीता यादव के साथ मिलकर नवनिर्वाचित और चयनित विद्यार्थियों को बैज व सैश पहनाकर उनका पदभार सौंपा। साथ ही, उन्हें उनके नए दायित्वों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर जहां एक ओर देशभक्ति की अलख जगाई, वहीं दूसरी ओर सामाजिक बुराइयों को मिटाने का संदेश भी दिया। समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक सुभाष श्योराण ने छात्रों को अपने भीतर नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इसके दूरगामी सकारात्मक परिणामों के बारे में बताते हुए कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों का होना बेहद जरूरी है, जिससे बच्चों का बौद्धिक स्तर मजबूत होता है। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह ने छात्र परिषद के सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जब तक छात्र पूरी निष्ठा और कड़ी मेहनत के साथ अपना कार्य नहीं करेंगे, तब तक वे जीवन में कामयाब नहीं हो सकते। समारोह के समापन पर उप-प्रधानाचार्या संगीता यादव ने मुख्य अतिथि, अभिभावकों और सभी उपस्थित जनों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

## गुजवि में इंटीग्रेटेड बीकॉम-एमकॉम की दूसरी काउंसलिंग आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कॉमर्स विभाग की ओर से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के इंटीग्रेटेड बीकॉम-एमकॉम कार्यक्रम की दूसरी काउंसलिंग 9 जुलाई को होगी। विभाग ने सभी आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। कॉमर्स विभाग की अध्यक्षा डा. निधि तुरान ने बताया कि काउंसलिंग का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर स्थित चौधरी रणबीर सिंह ऑडिटोरियम के सेमिनार हॉल नंबर-1 में होगा। विभाग ने सभी अभ्यर्थियों से आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं उनकी स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## सैनिक स्कूल खारा खेड़ी का रक्षा मंत्रालय की टीम ने किया निरीक्षण



**हिसार।** सैनिक स्कूल सोसाइटी रक्षा मंत्रालय केंद्र सरकार की ओर से सैनिक स्कूल कुंजपुरा के प्रशानिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संदीप राठी ने दो अन्य अधिकारियों की एक टीम के साथ सैनिक स्कूल खारा खेड़ी का त्रैमासिक निरीक्षण किया। स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना द्वारा स्कूल पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉ.) डीवी नेहरा द्वारा उन्हें स्कूल की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद अधिकारियों की टीम ने स्कूल के विभिन्न हिस्सों जैसे शैक्षणिक ब्लॉक, प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण क्षेत्रों, छात्रावासों और कैडेट्स मेस आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन नए छात्रावास भवन एवं तीन सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट्स का अवलोकन किया और ठेकेदार को निर्देश दिया कि वह जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करें। विद्यालय की सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली, अनुशासन, आधारभूत संरचना एवं भविष्य की योजनाओं से वे अत्यंत प्रभावित दिखाई दिए। लेफ्टिनेंट कर्नल संदीप राठी ने इस अवसर पर अभिभावकों से भी वार्तालाप किया एवं उन से सुझाव मांगे। सभी उपस्थित अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन की सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली की प्रशंसा की एवं अपनी सम्पूर्ण संतुष्टि प्रकट की।



## मेजर आकांक्षा पांडे को किया सम्मानित

**हिसार।** थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी की प्रशासनिक अधिकारी मेजर आकांक्षा पांडे ने 'हर घर योग अभियान' एवं 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026' के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार योग को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में मेजर आकांक्षा पांडे ने अपने समर्पण और निरंतर प्रयासों से 5636 नागरिकों को नियमित योग अभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए उन्हें हाबिल्ड की ओर से प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह अभियान पूरे देश में चलाया गया, जिसमें देश के लाखों योग प्रेरकों ने योग प्रोत्साहन के लिए अथक प्रयास और भागीदारी की। कड़ी प्रतिस्पर्धा के पश्चात मेजर आकांक्षा पांडे ने इन सभी प्रेरकों के मध्य प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने मेजर आकांक्षा पांडे को बधाई दीं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## आरपीएस स्कूल में वन महोत्सव की धूम




हांसी। नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते स्कूली विद्यार्थी

■ विद्यार्थियों ने दी पर्यावरण संरक्षण की प्रेरक प्रस्तुतियां

**हांसी।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 1 से 7 जुलाई तक मनाए जा रहे वन महोत्सव के अंतर्गत आरपीएस स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने थॉट, भाषण, स्किट, माइम तथा समूह गीत के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का प्रभावशाली संदेश दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने /"पेड़ बचाओ, पर्यावरण बचाओ/" का संदेश देते हुए सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। उनकी रचनात्मक प्रस्तुतियों को शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्राचार्या एकता सचदेवा ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## बालिकाओं के विरुद्ध अत्याचार के विरोध में एसडी मॉडर्न स्कूल का कैंडल मार्च




हांसी। बड़सी गेट के बाहर कैंडल मार्च निकालती एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल की छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

बालिकाओं के विरुद्ध बढ़ रही हिंसा, उत्पीड़न एवं दुर्व्यवहार की घटनाओं के विरोध में गुरुवार को एस.डी. मॉडर्न पब्लिक स्कूल, हांसी द्वारा शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पीड़ित बेटियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा न्याय की मांग उठाई। कैंडल मार्च में विद्यालय के उप-प्राचार्य महेंद्र सिंह, पवन बंसल, अध्यापिकाएं सुमन झाम्ब, रेनू शर्मा, कुमारी ज्योति, मीनाक्षी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक बालिका को सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस दौरान विद्यार्थियों ने जागरूकता संबंधी नारों के माध्यम से महिला सम्मान, समानता और न्याय का संदेश दिया तथा समाज से महिलाओं के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। विद्यालय प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने कहा कि बालिकाओं के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार केवल एक व्यक्ति के विरुद्ध नहीं, बल्कि पूरे समाज के विरुद्ध अपराध है। कार्यक्रम के अंत में पीड़ितों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया तथा उनके लिए शीघ्र न्याय की प्रार्थना की गई।

## बडाला में भागवत कथा में राधा-कृष्ण के रूप में बच्चों ने मोहा मन



**हांसी।** गांव बडाला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन हवन-यज्ञ और विशाल भंडारे के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालु भक्ति के रस में सराबोर नजर आए। इस अवसर पर आयोजित विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गांव के छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण किया। कार्यक्रम में ईशानी ने राधा और केशव ने श्री कृष्ण की मनमोहक भूमिका निभाकर सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कथावाचक ने भागवत महापुराण के महत्व को समझाते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मकता और आपसी भाईचारा बढ़ाते हैं।